# अभ्यास प्रश्न पत्र 2023 -

**SET- D**

## कक्षा-12

## विषय इतिहास

**समय -3 घंटा** **पूर्णांक-80 अंक**

**निर्देश-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इनमें से सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक शब्द से एक वाक्य में उत्तर 7 अंक एवं सत्य असत्य/06 अंक संबंधी प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा अधिकतम)30 शब्द(
5. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा अधिकतम 75 शब्द(
6. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए4 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा अधिकतम120 शब्द(
7. प्रश्न क्रमांक 23 के लिए प्रदत्त मानचित्र में अपना उत्तर अंकित करें तथा मानचित्र को भरकर उत्तरपुस्तिका में संलग्न करें |

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

i. हड़प्पाई मुहर किस पत्थर से बनाई जाती थी?
(अ) सेलखड़ी (ब) तांबा
(स) मिट्टी (द) जास्पर

ii. रुद्रदामन कौन था?
(अ) कुषाण शासक (ब) शक शासक
(स) यूनानी शासक (द) मंगोल शासक

iii. मृच्छकटिकम् किसकी रचना थी?
(अ) विशाखदत्त (ब) चाणक्य
(स) शुद्रक (द) मेगस्थानीज

iv. महायान मत किस धर्म से संबंधित है?
(अ) बौद्ध धर्म (ब) जैन धर्म
(स) सनातन धर्म (द) आजीवक

v. एक आरंभिक विश्व यात्री किसे कहा गया है?
(अ) अल बिरूनी (ब) इब्न बतूता
(स) फ्रांस्वा बर्नियर (द) अल मसूदी

vi. बसवन्ना कौन थे?
(अ) वीरशैव संप्रदाय के प्रवर्तक (ब) वैष्णो संप्रदाय के प्रवर्तक
(स) शैव संप्रदाय के प्रवर्तक (द) शक्ति संप्रदाय के प्रवर्तक

https://www.mpboardonline.com

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**

i. विजयनगर राज्य की स्थापना हरिहर और ....... ने की थी।

ii. रहट एक ...... यंत्र था।

iii. बंगाल में ..... ई. मै इस्तमरारी बंदोबस्त लागू किया गया था।

iv. लॉर्ड वेलेजली ने..........संधि लागू की थी।

v. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से........ ई. में भारत आए।

vi. संविधान सभा में उद्देश्य प्रस्ताव को ......... ने प्रस्तुत किया था।

vii. मिट्टी से बने हल के प्रतिरूप .... नामक हड़प्पा स्थल से मिले हैं।

3. **सही जोड़ी बनाइए**

| A | B |
|---|---|
| I . पियदस्सी | क. विजय नगर |
| ii. बहुपति प्रथा | ख. मुगल शहजादी |
| iii. सिद्धार्थ | ग. अल बिरूनी |
| iv. जहांआरा | घ. शाक्य कबीला |
| v. किताब उल हिंद | ङ. एक स्त्री के अनेक पति |
| Vi. हम्पी | च. अशोक |

4. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में लिखिए।**

i. रैयत किसे कहते थे?

ii. चार्ल्स कार्नवालिस कौन था?

iii. गांधी जी ने नमक कानून कब तोड़ा था?

iv. "अंग्रेज तो चले गए मगर जाते-जाते शरारत के बीज बो गए किसने कहा था"?

v. सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे पहले खोजा गया स्थल कौन सा था?

vi. प्रयाग प्रशस्ति किस राजा से संबंधित थी?

vii. शाहजहां बेगम ने किस स्तूप का संरक्षण किया था?

5. **निम्नलिखित वाक्यों में सत्य या असत्य लिखिए।**

i. महिला संत अंडाल भगवान विष्णु की भक्ति थी।

ii. पंचायत के मुखिया को मुक्द्दम या मंडल कहते थे।

iii. सिदधू मांझी संथाल विद्रोह का नेता था।

iv. मेलूहा, मेसोपोटामिया सभ्यता का प्राचीन नाम था।

v. सांची का स्तूप आंध्र प्रदेश में स्थित है।

vi. अकबरनामा नामक ग्रंथ की रचना अमीर खुसरो ने की थी।

6. हड़प्पा सभ्यता के दो प्रमुख नगरों की विशेषता लिखिए| 2

अथवा

मोहनजोदड़ो को एक नियोजित शहरी केंद्र क्यों कहा गया है?

7. फ्रांस्वा बर्नियर क्यों प्रसिद्ध है? 2

अथवा

अल बिरूनी ने संस्कृत को एक विशाल पहुंच वाली भाषा क्यों कहा है ?

8. महान और लघु परंपराओं से आप क्या समझते हैं? 2

अथवा

अलवार और नयनार संतो में दो प्रमुख अंतरों को स्पष्ट कीजिए।

9. कृष्णदेव राय को विजय नगर का सबसे प्रसिद्ध शासक क्यों कहा जाता है ? 2

अथवा

अमर नायक प्रणाली क्या थी ?

10. ग्रामीण दस्तकार किसे कहते थे ? 2

अथवा

ग्रामीण समुदाय को एक छोटा गणराज्य क्यों कहा गया है ?

11. 1857 ई. के दो प्रमुख विद्रोही नेताओं का वर्णन करें ? 2

अथवा

रानी लक्ष्मी बाई ने विद्रोह क्यों किया था ?

12. गांधी जी ने नमक सत्याग्रह क्यों किया था ? 2

अथवा

गांधी जी द्वारा संचालित उनके चार प्रमुख आंदोलनों के नाम लिखिए ?

13. एन .जी रंगा ने संविधान सभा में क्या मांग की थी ? 2

अथवा

गांधीजी के अनुसार एक राष्ट्र की भाषा की क्या विशेषता होनी चाहिए ?

14. संविधान सभा में 'प्रारूप समिति' क्या थी ? 2

अथवा

भारतीय संविधान के निर्माण में बी एन राव एवं एस एन मुखर्जी का क्या योगदान था ?

15. जोतदार कौन थे ? 2

अथवा

संथाल विद्रोह क्यों हुआ ?

16. महाभारत को गतिशील ग्रंथ क्यों कहा जाता है ? व्याख्या कीजिए 3

अथवा

सातवाहन शासक क्यों प्रसिद्ध थे ? इनके योगदान को लिखिए।

17. वैष्णोवाद क्या है ? इसके अवतारवाद का वर्णन करें 3

अथवा

महावीर स्वामी कौन थे ?उनकी शिक्षाओं का वर्णन करें।

https://www.mpboardonline.com

18. महानवमी का डिब्बा क्या था? इसकी तीन विशेषताओं का वर्णन करें। 3

अथवा

विजय नगर साम्राज्य के प्रमुख मंदिर एवं महलों की स्थापत्य शैली का उदाहरण सहित वर्णन करें।

19. 1857 ई. का विद्रोह क्यों हुआ था? कोई तीन कारण लिखिए। 3

अथवा

1857 ई. का विद्रोह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में क्यों जाना जाता है ?स्पष्ट करें

20. सम्राट अशोक को महान शासक क्यों कहा जाता है? वर्णन करें 4

अथवा

महाजनपद क्या थे? इनके प्रमुख विशिष्ट लक्षणों का वर्णन करें

21. मध्यकालीन प्रमुख संतो की कोई चार शिक्षाओं का वर्णन करें। 4

अथवा

सूफी वाद क्या है? प्रमुख सूफी संतों के योगदान का वर्णन करें?

22. महात्मा गांधी का राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान को वर्णित कीजिए। 4

अथवा

नमक कानून स्वतंत्रता संघर्ष का महत्वपूर्ण मुद्दा क्यों बन गया था ? समझाइए।

23. भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए। 4

I.उज्जैनी महाजनपद II. मगध महाजनपद
III. अंग महाजनपद IV. काशी महाजनपद

अथवा

भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए।
I.लोथल II. धोलावीरा
III.विजय नगर IV. कालीबंगा

प्रश्न 23 के लिए मानचित्र

